




## ननि ने 39.11 करोड़ की वसूली कर पिछले वर्ष के आंकड़े को पीछे छोड़ा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 1 अप्रैल, नगर पालिक निगम रीवा ने एक बार फिर राजस्व वसूली में नया इतिहास रचते हुए वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज किया है. इस वर्ष सम्पत्तिकर मद में 39.11 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड वसूली कर निगम ने पिछले सभी वर्षों के आंकड़ों को पीछे छोड़ दिया है.**

इसके पूर्व वित्तीय वर्ष 2024-25 में 25.96 करोड़, 2023-24 में 21.75 करोड़ रुपये, 2022-23 में 19.68 करोड़ रुपये तथा 2021-22 में 18.50 करोड़ रुपये की वसूली हुई थी. लेकिन वर्ष 2025-26 में प्राप्त यह ऐतिहासिक उपलब्धि नगर निगम की प्रभावी कार्यशैली और निरन्तर नवाचारों का प्रत्यक्ष परिणाम है. गौरतलब है कि नगर निगम के विभिन्न मदों में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है. वित्तीय वर्ष 2024-25 की तुलना में 2025-26 में सम्पत्तिकर 25.96 करोड़ से बढ़कर 39.11 करोड़, जलकर 6.35 करोड़ से बढ़कर 7.43 करोड़, किराया शाखा 1.45 करोड़ से बढ़कर 1.70 करोड़ तथा विकास शाखा 6 करोड़ से बढ़कर 10.48 करोड़ तक पहुंच गया.

इस प्रकार कुल राजस्व वसूली 39.76 करोड़ से बढ़कर 58.72 करोड़ रुपये हो गई, जो निगम की वित्तीय सुदृढ़ता को दर्शाता है. निगम आयुक्त डॉ सौरभ सोनवणे ने इस उपलब्धि के लिए राजस्व एवं वित्त विभाग के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को बधाई देते हुए शहरवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया है, जिन्होंने समय पर कर जमा कर नगर के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया. बकायादारों से अपील की है शीघ्र अपना बकाया कर जमा करे.

### तालाबंदी का भी रहा खास असर

निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देशन में राजस्व वसूली को अभियान का स्वरूप दिया गया. इस दौरान बड़े बकायादारों से लगातार सम्पर्क करना, शहर के प्रमुख स्थानों पर प्रचार-प्रसार हेतु होर्डिंग/फ्लेक्स लगवाना, टैक्सेशन कंट्रोल रूम से निरंतर व्यक्तिगत संपर्क अभियान चलाना तथा आवश्यकतानुसार सख्त कार्रवाई जैसे तालाबंदी एवं कुर्की जैसे कदम उठाए गए. लोक अदालत के विशेष शिविरों में करदाताओं के लिए स्वागत-टीका, सेल्फी बूथ, रिफ्रेशमेंट, जोन स्तर पर हेल्पडेस्क जैसे नवाचारों से करदाताओं में जागरूकता और जिम्मेदारी दोनों बढ़ी, जिससे यह ऐतिहासिक उपलब्धि प्राप्त हुई.

## संक्षिप्त

### नई गाइडलाइन एक अप्रैल से हुई लागू

**रीवा.** शासन के निर्देशों के अनुसार अचल सम्पत्तियों के बाजार मूल्य निर्धारण के लिए तैयार नई गाइडलाइन एक अप्रैल से लागू हो गई है. इस संबंध में जिला पंजीयक श्रीमती संध्या सिंह ने बताया कि भारतीय मुद्रांक अधिनियम 1899 के तहत अचल सम्पत्तियों के बाजार मूल्य निर्धारण की कार्यवाही पूरी करके जिला स्तरीय समिति की अनुशंसा के बाद इसे एक अप्रैल से लागू कर दिया गया है. नई गाइडलाइन वर्ष 2026-27 के लिए जारी की गई है. गाइडलाइन पंजीयन विभाग की वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट एमपीआईजीआर डॉट जीओभी डॉट इन पर उपलब्ध है.

### मड़फा मंदिर पहडिया में भंडारा आज

**रीवा.** श्रीहनुमान जयन्ती के अवसर पर विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी मडफा मंदिर पहडिया में 29 मार्च से 02 अप्रैल तक हनुमान अभिषेक जाप तथा अखण्ड मानस पाठ का आयोजन किया गया. 02 अप्रैल गुरुवार को मानस पाठ समापन उपरांत दोपहर एक बजे से सांयकाल सात बजे तक भंडारा प्रसाद का आयोजन किया गया है.उक्त आशय की जानकारी वैश्य महासम्मेलन के पूर्व जिलाध्यक्ष हनुमान प्रसाद गुप्ता ने सभी से पहुंचने की अपील की है.

### सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ आज

**रीवा.** विश्व हिंदू परिषद रीवा, नगर विजयादशमी उत्सव समिति रीवा एवं सिंधु यूथ विंग द्वारा हेमू कलाणी चौक, स्वागत भवन के सामने सामूहिक हनुमान चालीसा एवं बजरंग बाण के पाठ के बाद प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया है. जिसमें आम जनमानस से पहुंचने की अपील की गई है. उक्त जानकारी देते हुए दिव्यांशु गौतम, अमित दिगवानी, सचिन डूडानी ने बताया कि इन संस्थाओं द्वारा समय समय पर धार्मिक आयोजन कराए जाते हैं इसी तारतम्य में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सामूहिक हनुमान चालीसा, बजरंग बाण पाठ एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया है. रीवा के समस्त श्रद्धालुओं से आज सायं 6:00 बजे हेमू कल्याणी चौक स्वागत भवन के सामने पहुंचने अपील की गई है.

### पटवारी को नोटिस देकर मांगा जवाब

**गुढ.** प्रशासनिक व्यवस्था में लापरवाही और न्यायालयीन आदेशों की अनदेखी को गंभीरता से लेते हुए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) गुढ़ द्वारा पटवारी को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है. यह कार्रवाई न्यायालय के आदेश के पालन में कथित लापरवाही के चलते की गई है.प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) गुढ़, जिला रीवा द्वारा जारी पत्र क्रमांक 191/प्रवाचक/2026 दिनांक 01 अप्रैल 2026 के माध्यम से पटवारी हल्का महसांव के प्रदीप पटेल को नोटिस जारी किया गया है. न्यायालयीन प्रकरण क्रमांक 204/अ/63/2022-23, महेंद्र सिंह बनाम म.प्र. शासन में दिनांक 29 फरवरी 2024 को आदेश पारित किया गया था. इस आदेश के तहत ग्राम महसांव की आराजी क्रमांक 609/1 एवं 609/2 में रिकॉर्ड दुरुस्ती (सुधार) करने के निर्देश दिए गए थे,लेकिन आरोप है कि संबंधित पटवारी द्वारा केवल आराजी क्रमांक 609/2 में सुधार किया गया, जबकि 609/1 में जानबूझकर सुधार नहीं किया गया. इसे न्यायालयीन आदेश की अवहेलना माना गया है. पटवारी को निर्देशित किया गया है कि वे दो दिवस के भीतर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें. यदि निर्धारित समय सीमा में संतोषजनक जवाब नहीं दिया जाता है, तो एक वेतन वृद्धि रोकने जैसी दंडात्मक कार्रवाई की जा सकती है.

### धरना प्रदर्शन आज

**गुढ.** केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा रसोंई गैस, डीजल, पेट्रोल, बिजली की दारों पर बेतहाशा वृध्दि किये जानें के विरोध में प्रदेश कांग्रेस एवं जिला कांग्रेस कमेटी के दिशा निर्देश पर नगर कॉग्रेस कमेटी गुढ़ द्वारा 02 अप्रैल को तहसील प्रांगण गुढ़ के सामनें समय दोपहर 01 बजे धरना प्रदर्शन किया जायेगा.

### वंदे मातरम का हुआ गायन

**मऊगंज.** मऊगंज के कलेक्ट्रेट में माह के प्रथम कार्य दिवस पर राष्ट्रगीत वंदे मातरम का सामूहिक का गायन किया गया. इसमें कलेक्टर संजय कुमार जैन, अपर कलेक्टर पीके पाण्डेय तथा कलेक्ट्रेट कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारी शामिल हुए.

## प्रवेशोत्सव में नव प्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत

### प्रवेशोत्सव के साथ स्कूलों का नया शिक्षा सत्र हुआ शुरू, जिला पंचायत अध्यक्ष ने छात्राओं का किया स्वागत

नवभारत न्यूज

**रीवा, 1 अप्रैल, जिले के सभी प्राथमिक, माध्यमिक तथा उच्चतर माध्यमिक स्कूलों में प्रवेशोत्सव के साथ एक अप्रैल से नया शिक्षा सत्र शुरू हो गया. विद्यार्थियों का विद्यालयों में तिलक लगाकर स्वागत करते हुए नई कक्षा में प्रवेश कराया गया.**




विद्यार्थियों को नि:शुल्क पुस्तकें प्रदान की गईं. जिला स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम शासकीय एसके कन्या उमावि में आयोजित किया गया. प्रवेशोत्सव का शुभारंभ करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल ने छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया तथा नि:शुल्क पुस्तकें प्रदान की.जिले भर में प्रवेशोत्सव मनाया गया, नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं का स्वागत तिलक लगाकर किया गया. सभी विद्यालयों में धूमधाम के साथ प्रवेशोत्सव मनाया गया. इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि नई पीढ़ी को शिक्षित और संस्कारवान बनाना हम सबकी जिम्मेदारी है. सभी विद्यार्थी नई कक्षा में आज प्रवेश लेकर पूरे उत्साह के साथ शिक्षा प्राप्त करें. प्रवेशोत्सव में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने कहा कि शिक्षा ही विकास का आधार है. सभी विद्यार्थी पूरी लगन के साथ पढ़ाई करें. कक्षा दसवीं के बाद सभी विद्यार्थी अपनी रूचि और योग्यता के अनुसार विषय लेकर पढ़ाई करें तथा कॅरियर की तैयारी करें. जिला शिक्षा अधिकारी तथा जिला समन्वयक शिक्षा मिशन सभी सर्वेक्षित विद्यार्थियों का शाला में प्रवेश सुनिश्चित करें. मजरे, टोले या अन्य स्थानों में यदि कोई विद्यार्थी छूट गया तो उसका भी शाला में प्रवेश कराएं.कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी रामराज मिश्रा ने विभागीय योजनाओं तथा नए शिक्षा सत्र के संबंध में की गई तैयारियों की जानकारी दी. कार्यक्रम में सहायक संचालक राजेश मिश्रा, जिला समन्वयक शिक्षा मिशन मौजूद रहे.

### मऊगंज के स्कूलों में मनाय गया प्रवेशोत्सव

स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए 'स्कूल चले हम' अभियान का भव्य शुभारंभ मऊगंज जिले में किया गया. जिला स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मऊगंज में संपन्न हुआ. कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9:45 बजे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के उद्बोधन के सीधे प्रसारण के साथ हुई. प्रवेशोत्सव के दौरान बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए. छात्र-छात्राओं को शासन की योजना के तहत पुस्तकें वितरित की गईं. शैक्षणिक सत्र के पहले दिन मेधावी छात्रों और विद्यालय में सर्वाधिक उपस्थिति दर्ज कराने वाले विद्यार्थियों को विशेष रूप से पुरस्कृत किया गया. कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष मऊगंज श्रीमती नीलम इंद्रपाल सिंह, नगर परिषद अध्यक्ष बृजवासी पटेल उपस्थित रहे.

## प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना से मिलेगी मुफ्त बिजली

नवभारत न्यूज

**रीवा, 1 अप्रैल, भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना लागू की गई है. इस योजना के माध्यम से उपभोक्ताओं को मुफ्त बिजली मिलने के साथ पर्यावरण संरक्षण भी होगा.**

सोलर पैनल पूरी तरह से नि:शुल्क तथा पर्यावरण के अनुकूल है. बिजली का उपयोग करने वाले आवासीय घरों में सोलर पैनल लगवाकर बिजली के बिल में 30 से 70 प्रतिशत तक की कमी ला सकते हैं. अधीक्षण यंत्री बीके शुक्ला ने बताया कि पीएम सूर्य घर योजना के तहत दो किलोवाट तक की क्षमता वाले छत पर सोलर पैनल लगाने के लिए 30 हजार प्रति किलोवाट वित्तीय सहायता दी जाती है. इसी तरह तीन किलोवाट अथवा उससे अधिक क्षमता के सोलर पैनल लगवाने पर 78 हजार का अनुदान दिया जा रहा है.अधीक्षण यंत्री श्री शुक्ल ने बताया कि छत पर सोलर पैनल लगाने से प्रति किलोवाट 1300 यूनिट बिजली का साल भर में उत्पादन होता है. इस बिजली को नेट मीटरिंग वाली बिजली यानी ग्रिड से जोड़ने पर मासिक बिजली बिल में काफी कमी आती है. नेट मीटरिंग प्रक्रिया के द्वारा लगाया गया मीटर सोलर पैनल से प्राप्त बिजली तथा ग्रिड से ली गई बिजली का आकलन करता है. सोलर पैनल से उत्पादित बिजली यदि घरेलू उपकरणों में उपयोग से अधिक है तो उसे ग्रिड में भेज देता है. जब सोलर पैनल से बिजली का उत्पादन नहीं होता तब स्वचालित तरीके से ग्रिड से बिजली की आपूर्ति घर में होती रहती है.

## हनुमान जयंती पर होंगे विभिन्न कार्यक्रम आज

नवभारत न्यूज

**हनुमना, 1 अप्रैल, विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी हनुमान जयंती पर 2 अप्रैल गुरुवार को हनुमना नगर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न आयोजन किए जाएंगे.**

जहां सुबह अर्जुनपुर में जन जागृति चौपाल आश्रम द्वारा सुंदरकांड का एवं हनुमान जी की महा आरती का आयोजन किया गया है. वही उसके पश्चात जरूरतमंद बुजुर्गों विधवा परित्यक्ता मां बहन बेटियों को कंबल वस्त्र एवं राशन सामग्री आदि वितरित किए जाएंगे वहीं दोपहर 2:00 बजे से 4:00 तक लोक सेवा गारंटी केंद्र हनुमना के सामने स्थित जन जागृति चौपाल आश्रम संस्था के कार्यालय में आयोजित समारोह में जरूरतमंद मां बहनों को सिलाई मशीन संस्था द्वारा प्रदान किया जाएगा. इसी तरह अन्य कार्यक्रम होगे.

## शराब दुकान हटाने कांग्रेस शहर अध्यक्ष ने लिखा पत्र

रीवा, 1 अप्रैल, शहर के रतहरा में स्थित शराब दुकान को हटाने के लिये कांग्रेस शहर अध्यक्ष अशोक पटेल ने कलेक्टर को पत्र लिखा है. जिसमें उन्होने बताया कि शराब दुकान जिस स्थान पर है वहा से महिलाओं और बच्चो का आना जाना रहता है और दुकान के आसपास असमाजिक तत्व बने रहते है जिसके चलते अनैतिक गतिविधिया होती है और लोगो से अभद्रता की जाती है. कांग्रेस शहर अध्यक्ष ने जनहित को देखते हुए शराब दुकान हटाने की मांग की है.

## कामर्शियल एलपीजी सिलेंडरों के वितरण निर्धारित आवंटन प्रतिशत से करें : जैन

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 1 अप्रैल, कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन ने गैस एजेंसी संचालकों को व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडरों का वितरण निर्धारित आवंटन प्रतिशत से करने के निर्देश दिए हैं.**

कलेक्टर ने कहा है कि कामर्शियल एलपीजी के वर्तमान में खपत तथा आवश्यक सेवाओं को देखते हुए शासन द्वारा इनके वितरण का प्रतिशत तय किया गया है. शैक्षणिक संस्थाओं तथा चिकित्सा संस्थानों को तय आवंटन का 30 प्रतिशत सिलेंडर प्रदान करें. आवश्यक सेवाओं, केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल, जेल तथा सामाजिक न्याय और महिला एवं बाल विकास द्वारा संचालित ऐसे संस्थान जिसमें वृद्धजन, महिलाएं एवं बच्चे निवासरत हैं उनके लिए 35 प्रतिशत आवंटन, होटलों के लिए 9 प्रतिशत, रेस्टोरेंट और कैटरर्स के लिए 9 प्रतिशत एवं ढाबा और स्ट्रीट वेंडर्स के लिए 7 प्रतिशत आवंटन तय किया गया है.

## सीईओ जिला पंचायत ने जनपद नईगढ़ी का किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 1 अप्रैल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने जनपद पंचायत नईगढी कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया.**



निरीक्षण के दौरान अधिकारियों/ कर्मचारियों की बैंठक व्यवस्था अव्यवस्थित पाई गई. कार्यालय परिसर में गंदगी तथा अव्यवस्था देखने को मिली. जिस पर सीईओ ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्यालय में बेहतर साफ-सफाई और फाइलों को व्यवस्थित ढंग से रखने के निर्देश दिए. निरीक्षण के दौरान अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित अधिकारी/कर्मचारी को नोटिस जारी करने के निर्देश मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नईगढी को दिए गए.

## गैस सिलेंडर वितरण को लेकर मारामारी, उपभोक्ता परेशान

नवभारत न्यूज

**रीवा, 1 अप्रैल, रीवा जिले में भले ही जिम्मेदार अधिकारी बैठकों में गैस सिलेंडर वितरण व्यवस्था को संतोषजनक बता रहे हों, लेकिन जमीनी स्तर की तस्वीर कुछ और ही सच्चाई बया कर रही है. खासकर गैस आपूर्ति को लेकर हालात अभी भी अव्यवस्थित बने हुए हैं.**

वितरण व्यवस्था सही नही होने से उपभोक्ता भटक रहे है. बुकिंग होने के बाद सिलेंडर नही मिलता और मैसेज डिलेवरी का पहुंचता है. अभी भी लोग सिलेंडर की मारामारी से जूझ रहे है कोई राहत नही मिल रही है. चिरहुला गैस एजेंसी जो 9वीं बटालियन क्षेत्र में संचालित है, इन दिनों उपभोक्ताओं की परेशानी का बड़ा कारण बन चुकी है. एजेंसी द्वारा पहले उपभोक्ताओं को टोकन वितरित किए जाते हैं, जिससे लोगों को उम्मीद रहती है कि उन्हें समय पर गैस सिलेंडर मिल जाएगा. लेकिन जब उपभोक्ता सिलेंडर लेने पहुंचते हैं, तो उन्हें 'स्टॉक खत्म' होने का हवाला देकर लौटा दिया जाता है. हैरानी की बात यह है कि मौके पर गैस से भरी गाड़ी खड़ी होने के बावजूद उपभोक्ताओं को यह कहकर टाल दिया जाता है कि मजदूर नहीं आए हैं, इसलिए आज वितरण संभव नहीं है, कल आना पड़ेगा. इस तरह के बहाने उपभोक्ताओं की मुश्किलें और बढ़ा रही हैं. स्थानीय लोगों का कहना है कि एजेंसी की इस कार्यप्रणाली से रोजमर्रा की जरूरतें प्रभावित हो रही हैं कई लोग दूर-दराज से आकर घंटों लाइन में खड़े रहते हैं, लेकिन अंत में खाली हाथ लौटने को मजबूर हो जाते हैं. ऐसे में सवाल यह उठता है कि जब जमीनी स्तर पर यह स्थिति बनी हुई है, तो आखिर बैठकों में सब कुछ ठीक-ठाक होने के दावे किस आधार पर किए जा रहे है. उपभोक्ता सिलेंडर पाने के लिये लगातार भटक रहे है.

## हाटेश्वरनाथ हाटा से गौ सम्मान यात्रा आज से

नवभारत न्यूज

**हनुमना, 1 अप्रैल, गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने तथा गौ संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हाटेश्वर नाथ मंदिर, हाटा से 2 अप्रैल को सुबह 8 बजे गो सम्मान यात्रा निकाली जाएगी.**

गोसम्मान यात्रा के मऊगंज जिला संयोजक अखिलेश पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य गौ माता को राष्ट्र माता घोषित कराने की जनजागरूकता फैलाना तथा गौ आधारित उत्पादों के प्रशिक्षण के माध्यम से मऊगंज क्षेत्र को स्वावलंबी बनाना है. यात्रा का समापन 8 अप्रैल को मऊगंज में होगा. यात्रा के मुख्य संरक्षक वेदांती प्रसाद शुक्ला, पन्ना लाल शुक्ला, वैद्य संपत दास गुप्ता रहेंगे. कार्यक्रम संयोजक के रूप में समाजसेवी अखिलेश पाण्डेय जिम्मेदारी निभाएंगे. 8 अप्रैल को यात्रा का यात्रा का समापन किया जाएगा.

## जानवरों को फंसाने लगाया था करेंट, युवक की मौत

नवभारत न्यूज

**रीवा, 1 अप्रैल, मऊगंज जिले से एक दिल दहला देने बाली खबर सामने आई है जहां हर्राई प्रताप सिंह गांव में हुआ कुछ ऐसा कि गांव में हड़कंप मच गया.**

जंगली जानवरों को मारने के लिए बिछाया गया हाई वोल्टेज तार युवक अनिल सिंह गौड़ के लिए मौत का जाल बन गया. जानकारी के अनुसार गांव के खेतों में जंगली जानवरों को रोकने के लिए हाई वोल्टेज बिजली का अवैध तार बिछाया गया था. लेकिन इस तार ने अनिल सिंह गौड़ के जीवन के लिए खतरे की घंटी बजा दी. रात के अंधेरे में युवक अनजाने में उस तार की चपेट में आ गया सुबह गांव के लोगों को युवक का शव वहीं तार में लिपटा हुआ मिला. ग्रामीणों में दहशत और शोक फैल गया. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा तैयार किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा. लापरवाही के चलते युवक की जान चली गई. यह कोई पहली घटना नही इसके पहले भी हो चुकी है.

## बैठक से नदारत रहे अधिकारियों को थमाई जाएगी नोटिस

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 1 अप्रैल, कलेक्ट्रेट सभागार मऊगंज में आयोजित बैठक में कलेक्टर संजय कुमार जैन सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की. बैठक में कलेक्टर ने नॉन अटेंडिंग शिकायतों पर नाराजगी व्यक्त की.**



उन्होंने कहा कि कई विभागों में सीएम हेल्पलाइन के प्रकरण बड़ी संख्या में लंबित है. इनका निराकरण करके विभागीय ग्रेडिंग में सुधार करें. इससे जिले की ग्रेडिंग में भी सुधार होगा. शिकायतों को शिकायतकर्ता की पूर्ण संतुष्टि के बाद ही बंद करें. 50 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों का तत्काल निराकरण सुनिश्चित करें. कलेक्टर ने साप्ताहिक टीएल बैठक से बिना सूचना अनुपस्थित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस देने के निर्देश दिए.

कलेक्टर ने कहा कि स्कूल चलें हम अभियान के तहत सभी शालाओं में प्रवेशोत्सव के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं. इसके तहत चार अप्रैल को सभी अधिकारी निर्धारित स्कूलों में जाकर प्रवेशोत्सव में भागीदारी निभाएं तथा विद्यार्थियों और अभिभावकों को प्रेरित करें. कलेक्टर ने ई-विकास, जलजीवन मिशन, फार्मर आईडी, ई-केवाईसी कार्यों की भी समीक्षा की.

कलेक्टर ने कहा कि कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी पेट्रोल पंपों तथा गैस एजेंसियों के निरीक्षण की कार्यवाही लगातार करें. बैठक में अपर कलेक्टर पीके पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर रश्मि चतुर्वेदी, डिप्टी कलेक्टर पवन गौरैया मौजूद रहे.

## खटखरी में गिरने वाली टंकी की जांच करेगी तीन सदस्यीय टीम

नवभारत न्यूज

**रीवा, 1 अप्रैल, मऊगंज जिले के खटखरी में पानी की टंकी घटिया निर्माण के चलते भरभरा कर धराशाई हो गई थी. जिसकी जांच तीन सदस्यीय टीम कर अपना प्रतिवेदन देगी.**

टंकी निर्माण को लेकर की जा रही शिकायत के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों ने पहले कोई ध्यान नही दिया और जब टंकी गिर गई तब प्रशासन की भी नींद खुली है.

जांच को लेकर तीन सदस्यीय टीम गठित की गई है जो टंकी के क्षतिग्रस्त होने की तकनीकी जांच कर एक सप्ताह के अंदर अपना प्रतिवेदन देगे. बतादें कि इसके पूर्व भी रीवा जिले के जवा क्षेत्र में पानी की टंकी धराशाई हुई थी. कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन ने नईगढ़ी विकासखण्ड के ग्राम खटखरी में 75 हजार लीटर क्षमता की आरसीसी टंकी के परीक्षण के दौरान क्षतिग्रस्त होने की जाँच के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित की है. शासकीय इंजीनियरिंग कालेज रीवा के प्राचार्य डॉ. आरपी तिवारी को समिति का अध्यक्ष बनाया गया है. समिति में सदस्य के रूप में प्राध्यापक सिविल इंजीनियरिंग जीईसी रीवा डॉ. डीके जैन तथा कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग नितिन पटेल को शामिल किया गया है.

समिति को टंकी के क्षतिग्रस्त होने की तकनीकी जाँच करके एक सप्ताह में प्रतिवेदन देने के निर्देश दिए गए हैं. टंकी के गिरने के बाद पीएचई के चीफ इंजीनियर ने उपयंत्री को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया था.

## उपार्जन के लिए विकासखण्ड स्तरीय समिति गठित

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 1 अप्रैल, गेंहू तथा अन्य अनाजों के समर्थन मूल्य पर उपार्जन के लिए मऊगंज जिले मं् विकासखण्ड स्तरीय समितियाँ गठित की गई हैं.**

इस संबंध में कलेक्टर संजय कुमार जैन ने बताया कि संबंधित तहसील के एसडीएम को समिति का अध्यक्ष बनाया गया है. सहायक आपूर्ति अधिकारी समिति के सदस्य सचिव के रूप में काम करेंगे. समिति में अनुविभागीय अधिकारी कृषि, सहकारिता विस्तार अधिकारी, शाखा प्रबंधक सहकारी बैंक, गोदाम प्रभारी, विपणन संघ तथा नागरिक आपूर्ति निगम एवं सचिव कृषि उपज मण्डी को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है.